में भी परिवर्तन करना पड़ता है । योजना के पूंजी प्रधान मॉडल के अधीन निधियों की आवश्यकता श्रम प्रधान मॉडल से अधिक होगी । आठवीं योजना के दौरान कृषि में जोड़े गए सकल मूल्य में 3.1 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से वृद्धि होने की आशा है । इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कृषि में हुआ कुल निवेश वर्ष 1991-92 के मुल्य पर 1,48,800 करोड़ रुपये आंका गयी है ।

(ड) वर्ष 1990-91 से 1994-95 के दौरान कृषि में सकल पूंजी निर्माण के लिए किया गया कुल निवेश विवरण में दिया गया हैं ।

विवरण

कृषि में सकल पूंजी निर्माण का अनुमान

(करोड़ रु0 में)

वर्ष	वर्तमान मूल्य	1980-81 का मूल्य
1990-91	11592	4594
1991-92	13390	4729
1992-93	16617	5371
1993-94	18481	5586
1994-95*	20974	5857

* त्वरित अनुमान

"कपार्ट" द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए

अपनाए गए मानदण्ड

966. **श्री गोविन्द राम मिरी** : क्या **ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) "कपार्ट" द्वारा सामाजिक – शैक्षणिक विकास केन्द्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए कौन से मानदण्ड अपनाये जाते है;

(ख) सरकार द्वारा अब तक मध्य प्रदेश के बिलासपुर और रायपुर जिलों के विभिन्न सामानिक शैक्षणिक संस्थानों को कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है;

(ग) आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना के व्यापक रूप से प्रसार-प्रचार के लिए सरकार द्वारा किन-किन माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है;

(घ) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ड) क्या सरकार द्वारा इस कार्यक्रम की समय-समय पर पुनरीक्षा की जाती है ?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (ग्रामीण विकास विभाग)(श्री उत्तम भाई एच. पटेल) : (क) से (ड) : सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

इन्दिरा आवास योजना के अन्तर्गत निर्मित मकान

967. **श्री रामदेव भंडारी** : क्या **ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1994-95 एवं 1995-96 में इन्दिरा आवास योजना के अंतर्गत निर्मित मकानों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इस योजना के अंतर्गत एक यूनिट मकान का खर्च कितना है;

(ग) क्या देश के सभी राज्यों में एक यूनिट मकान का खर्च एक जैसा है;

(घ) क्या एक यूनिट के खर्च को बढ़ाने के लिए राज्यों द्वारा केन्द्रीय सरकार से अनुरोध किया गया है; और

(ड) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया हैं?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (ग्रामीण रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग) (श्री विलास बाबूराव मुत्तेमवार) : (क) वर्ष 1994-95 एवं 1995-96 के दौरान इंदिरा आवास योजना के अन्तर्गत निर्मित मकानों का राज्यवार ब्यौरा संलग्न विवरण में दिया गया है । (नीचे देखिए)

(ख) मैदानी एवं सुगम क्षेत्र में एक यूनिट मकान के लिए खर्च की सीमा इस समय 14,000 रुपए हैं, जबकि पहाडी एवं दुर्गम क्षेत्रों में यह 15,800 रुपए है । एक यूनिट मकान के खर्च में स्वच्छ शौचालय, धुंआरहित चूल्हा, ढ़ांचा और सामान्य सुविधाएं शामिल हैं ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) जी, हां ।

(ड) एक यूनिट मकान के खर्च को बढ़ाने का मामला सरकार के विचारधीन है ।